**श्री प्रणव कुमार, भा०प्र०से०, सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–05.02.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्तर पर लम्बित योजनाओं एवं राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थलों/स्मारकों के जीर्णोंद्धार के संदर्भ में आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

---

उपस्थिति :–

यथापंजी।

कार्यवाहीः–

- **गोलघर संरचना के बाहरी सतह की रसायनिक विधि से साफ–सफाई एवं संरक्षण कार्यः–**

गोलघर संरचना के बाहरी सतह की रसायनिक विधि से साफ–सफाई एवं संरक्षण कार्य के संदर्भ में उप अधीक्षण पुरातात्विक रसायनविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, विज्ञान शाखा, पटना द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें महानिदेशक कार्यालय, नई दिल्ली से इस संदर्भ में कार्रवाई हेतु अग्रत्तर आदेश अब तक अप्राप्त है।

उक्त के आलोक में सचिव महोदय द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, विज्ञान शाखा, पटना के उपस्थित पदाधिकारियों को गोलघर के बाहरी सतह की साफ–सफाई हेतु महानिदेशक कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली से समन्वय स्थापित करते हुए प्राक्कलन तैयार कर एक पक्ष के भीतर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

(अनुपालन– भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, विज्ञान शाखा, पटना)

- **केसरिया स्तूप परिसर में रौशनी की व्यवस्था :–**

इस संदर्भ में अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना द्वारा अवगत कराया गया है कि केसरिया स्तूप परिसर में रौशनी की व्यवस्था हेतु महानिदेशक कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली द्वारा एन0पी0सी0सी0 को आवंटित कार्य योजना में अपेक्षित संशोधन किया जाना है।

उक्त के आलोक में सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा समय सीमा निर्धारित करते हुए कार्य सम्पन्न कराने हेतु यथाशीघ्र अपेक्षित कार्रवाई करने का अनुरोध भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना के उपस्थित पदाधिकारियों से किया गया।

(अनुपालन– भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना)

- **बलिराज गढ़ पुरातात्विक स्थल का विकास :–**

बलिराज गढ़ पुरास्थल के पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए पुरास्थल के सम्पूर्ण अधिसूचित भू–भाग का प्राथमिकता के आधार पर चहारदिवारी, परिसर में लैण्ड स्केपिंग का कार्य, उत्खनन एवं अन्य आवश्यक कार्य कराने का अनुरोध अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना से किया गया।

इस संदर्भ में अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा बलिराज गढ़ पुरास्थल का विकास सम्बंधी कार्य वर्तमान वर्ष में करा लिया जाएगा।

(अनुपालन– भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना)

- **गोलघर एवं मॉरिसन भवन का समेकित रुप से जीर्णोद्धार एवं विकासः–**

गोलघर एवं मॉरिसन भवन का समेकित रुप से जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य हेतु विभागीय स्तर पर सूचीबद्ध वास्तुविद् एजेंसी स्पेस एस द्वारा पी0पी0टी0 प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रस्तावित कार्य योजनाओं में स्पष्टता का अभाव पाया गया।

इस संदर्भ में सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा मॉरिसन भवन एवं गोलघर के मध्य निर्मित चहारदिवारी को हटाते हुए सम्पूर्ण भू–भाग का लैण्ड स्केपिंग, मॉरिसन भवन का संरक्षण, मॉरिसन भवन में लोक एवं समकालीन कला अथवा प्रदर्श कला आधारित थीम पर संग्रहालय एवं ओरिएन्टेशन गैलेरी से सम्बंधित प्रस्ताव कार्य योजना में समाहित करने तथा गोलघर परिसर की माप को ज्ञात करते हुए तदनुसार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आकर्षक बनाये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर पी0पी0टी0 पुनः प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– वास्तुविद् एजेंसी 'स्पेस एस')

- **चिरान्द पुरातात्विक स्थल पर संरक्षण/विकास एवं प्रागैतिहासिक थीम आधारित पार्क का अधिष्ठापन :–**

चिरान्द पुरातात्विक स्थल का विकास कार्य के संदर्भ में विभागीय स्तर पर सूचीबद्ध वास्तुविद् एजेंसी कपूर एण्ड एसोसिएट्स द्वारा पी0पी0टी0 प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में कपूर एण्ड एसोसिएट्स द्वारा यह अवगत कराया गया कि कार्य योजना तैयार किये जाने के पूर्व स्थल निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि चिरान्द पुरास्थल का अधिग्रहित भूमि वर्तमान में निर्मित चहारदिवारी के बाहर भी अवस्थित है। जिसके विकास हेतु समेकित रुप से कार्य योजना तैयार किया गया है। पी0पी0टी0 प्रस्तुतीकरण के क्रम में उनके द्वारा नये सिरे से चहारदिवारी, नवीन शौचालय, कैफेटेरिया, ओरिएन्टेशन कक्ष, परिसर का लैण्ड स्केपिंग का कार्य कराने सम्बंधी प्रस्ताव को दिखाया गया।

उक्त के आलोक में सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा चिरान्द पुरातात्विक स्थल परिसर में निर्मित भवन में प्रागैतिहासिक/मानव के क्रमिक विकास एवं चिरान्द पुरास्थल के उत्खनन से ज्ञात सांस्कृतिक अनुक्रम के थीम पर इंडोर पार्क के अधिष्ठापन किये जाने हेतु थ्री डी इमेज को समाहित करते हुए नदी साईड कैफेटेरिया के निर्माण एवं खाली भूमि के क्षेत्र का आकलन करते हुए आकर्षक रुप से परिसर को विकसित किये जाने हेतु कार्य योजना में संशोधन कर पी0पी0टी0 पुनः प्रस्तुत करने का निदेश वास्तुविद् एजेंसी कपूर एण्ड एसोसिएट्स को निदेश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी से चिरान्द पुरास्थल के अधिग्रहित भूमि का राजस्व विवरणी जिला पदाधिकारी, सारण से प्राप्त करते हुए सीमांकन कराने का निदेश पुरातत्व निदेशालय को दिया गया।

(अनुपालन– पुरातत्व निदेशालय, बिहार एवं वास्तुविद् एजेंसी 'कपूर एण्ड एसोसिएट्स')

(93)

- **पुरातत्व भवन का निर्माण :–**

पुरातत्व भवन का निर्माण के संदर्भ में भवन निर्माण विभाग के अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा पटना संग्रहालय, पटना के विस्तारीकरण के क्रम में परिभ्रमण के दौरान उपस्थित वरीय पदाधिकारियों द्वारा उक्त निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित स्थल पर पार्किंग के निर्माण हेतु विचार करने का निदेश दिया गया है।

उक्त के आलोक में सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा यह सुझाव दिया गया कि पुरातत्व भवन के निर्माण हेतु प्रस्तावित डिजाईन के बेसमेंट में दो लेयर का पार्किंग का निर्माण करते हुए पुरातत्व भवन का भी निर्माण कराया जा सकता है। इस संदर्भ में महानिदेशक, बिहार संग्रहालय, पटना की सहमति प्राप्त करने हेतु पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। सहमति प्राप्त होने के उपरान्त वास्तुविद् द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी।

(अनुपालन– भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना)

ह0/–
**(प्रणव कुमार, भा0प्र0से0)**
सचिव,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,
बिहार, पटना।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग
(पुरातत्व निदेशालय)

ज्ञापांक 5पुरा0/बै007–03/2024................/ पटना, दिनांकः

प्रतिलिपिः–अधीक्षण पुरातत्वविद्/उप अधीक्षण पुरातात्विक रसायनविद्, विज्ञान शाखा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना/ Space ACE. V-20A/05, DLF, Phase-III, Gurgaon-1222002. Email ID-spaceace.india @gmail.co/Kapoor and Associate, Architecture/Interior Design/Urban Design, 100B-, Patliputra Colony, Opp P & M Mall, Near Notre Dame Academy. Patna- 800013 Email ID-kapoorandassociates@gmail.com/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष **सचिव,** भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ह0/–
**(रचना पाटिल, भा0प्र0से0)**
निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

ज्ञापांक 5पुरा0/बै007–03/2024....105..../ पटना, दिनांकः 27/2/2025

प्रतिलिपिः– विशेष कार्य पदाधिकारी (पुरातत्व)/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5/विभागीय आई0टी0 प्रबंधक/वरीय तकनीकी सहायक/सभी सहायक प्रशाखा

पदाधिकारी/उच्च वर्गीय लिपिक/निम्न वर्गीय लिपिक, पुरातत्व निदेशालय, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25.2.25

(रचना पाटिल, भा०प्र०से०)
निदेशक, पुरातत्व, बिहार ।